Adda247
GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 27/03/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** उत्तरी अमेरिका और __________ के बीच तीव्र संचार के लिए, 1958 में अटलांटिक महासागर में टेलीग्राफ केबल बिछाई गई।

Ans
✗ A. लैटिन अमेरिका
✗ B. दक्षिण अफ्रीका
✗ C. वेस्ट इंडीज
✓ D. यूरोप

**Q.2** गुप्तकाल के बाद (post-Gupta) भारत की राजनीतिक संरचना में कौन-सा प्रशासनिक परिवर्तन आया?

Ans
✗ A. राजपद को धार्मिक परिषदों से बदलना
✓ B. वंशानुगत शासकों के अधीन छोटे राज्यों का उदय
✗ C. संपूर्ण भारत में लोकतांत्रिक ग्राम सभाओं की शुरुआत
✗ D. एक सम्राट के अधीन केंद्रीय नौकरशाही का गठन

**Q.3** अनौपचारिक रोजगार की उच्च दर और सामाजिक सुरक्षा कवरेज की निम्न दर वाले देश में, गरीबी उन्मूलन और रोजगार के औपचारिकरण दोनों में कौन-सी नीति सबसे प्रभावी होने की संभावना है?

Ans
✓ A. अनौपचारिक क्षेत्र में सामाजिक बीमा का विस्तार
✗ B. लक्षित खाद्य सब्सिडी
✗ C. नियंत्रण मुक्त श्रम कानून
✗ D. सार्वभौमिक मूल आय

**Q.4** यदि a और b, $b > a$, समीकरण $6x^2 + 1x - 2 = 0$ के मूल हैं, तो $(2a + 3b)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $\frac{1}{8}$
✗ B. $\frac{4}{13}$
✓ C. $\frac{1}{6}$
✗ D. $\frac{3}{2}$

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.5 | भारत में निम्नलिखित में से किस आयोग ने 'सूचना का अधिकार: सुशासन की मास्टर कुंजी (Right to Information: Master Key to Good Governance)' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है? |
| Ans | ✔ A. प्रशासनिक सुधार आयोग (ARC) - 1 |
| | ✗ B. पुंछी आयोग |
| | ✗ C. प्रशासनिक सुधार आयोग (ARC) - 2 |
| | ✗ D. सरकारिया आयोग |

| | |
|---|---|
| Q.6 | आयुषी और अनमोल की वर्तमान आयु का अनुपात क्रमशः 2 : 3 है। 6 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 8 : 9 होगा। उनकी वर्तमान आयु में धनात्मक अंतर (वर्षों में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 19 |
| | ✔ B. 1 |
| | ✗ C. 11 |
| | ✗ D. 12 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | यह प्रश्न नीचे दी गई पांच तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br>(बाएं) 235 879 584 635 159 (दाएं)<br>(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ दिया जाए, तो परिणाम क्या होगा? |
| Ans | ✔ A. 14 |
| | ✗ B. 16 |
| | ✗ C. 18 |
| | ✗ D. 17 |

| | |
|---|---|
| Q.8 | मान लीजिए ABC और DEF दो सर्वांगसम त्रिभुज इस प्रकार हैं कि ∠A = ∠D है। यदि AC = DF = 6 cm, और DE = 5 cm है, तो AB की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 10 |
| | ✔ B. 5 |
| | ✗ C. 8 |
| | ✗ D. 6 |

| | |
|---|---|
| Q.9 | कोली __________ के कोली मछुआरा समुदाय की नृत्य शैली है। |
| Ans | ✔ A. महाराष्ट्र |
| | ✗ B. बिहार |
| | ✗ C. राजस्थान |
| | ✗ D. ओडिशा |

| | |
|---|---|
| Q.10 | 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार किस अनुच्छेद के अंतर्गत प्रदान किया गया है? |
| Ans | ✗ A. अनुच्छेद 51A(k) |
| | ✗ B. अनुच्छेद 45 |
| | ✔ C. अनुच्छेद 21A |
| | ✗ D. अनुच्छेद 19 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>44 50 62 80 104 ? |
| Ans | ✗ A. 132 |
| | ✗ B. 136 |
| | ✗ C. 138 |
| | ✔ D. 134 |

Adda247

Q.12 _______ को मात्रक "क्विंटल" का उपयोग करके मापा जाता है।

Ans
- ✔ A. वजन
- ✗ B. आयतन
- ✗ C. लंबाई
- ✗ D. तापमान

Q.13 शास्त्रीय नृत्यांगना नलिनी अस्थाना और कमलिनी अस्थाना को किस नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए वर्ष 2022 के प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✔ A. कथक
- ✗ B. कुचिपुड़ी
- ✗ C. ओडिसी
- ✗ D. भरतनाट्यम

Q.14 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से MELD का संबंध QHHA से है। उसी प्रकार, UKDX का संबंध YNZU से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, CQVR का संबंध निम्न में से किससे है?

Ans
- ✗ A. HTSO
- ✗ B. FUSN
- ✔ C. GTRO
- ✗ D. HSQP

Q.15 तीन धनात्मक पूर्णांकों A, B और C द्वारा HCF(A,B) = 12, HCF(B,C) = 18, HCF(A,C) = 6 और LCM(A,B,C) = 1080 शर्तों को संतुष्ट किया जाता है। यदि A = 12x, B = 36y और C = 18z, जहाँ x, y और z युग्मानूसार सहअभाज्य धनात्मक पूर्णांक हैं, तो A + B + C का न्यूनतम संभव मान कितना है?

Ans
- ✗ A. 220
- ✔ B. 222
- ✗ C. 224
- ✗ D. 216

Q.16 एक व्यक्ति बास्केटबॉल मैच के दौरान एक रियायती स्टॉल लगाता है और बर्गर एवं सॉफ्ट ड्रिंक्स बेचता है। प्रत्येक बर्गर की कीमत ₹15 और सॉफ्ट ड्रिंक की कीमत ₹5 है। अंत में, कुल 87 बर्गर और सॉफ्ट ड्रिंक बेचकर उसे कुल ₹785 की आय अर्जित होती है। कुल कितनी सॉफ्ट ड्रिंक बेची गई?

Ans
- ✗ A. 27
- ✗ B. 60
- ✔ C. 52
- ✗ D. 35

Q.17 2001 और 2011 के बीच भारत की साक्षरता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. महिला साक्षरता की तुलना में पुरुष साक्षरता में तेजी से वृद्धि हुई है।
- ✗ B. पुरुष साक्षरता और महिला साक्षरता में समानांतर रूप से वृद्धि हुई है।
- ✗ C. पुरुष साक्षरता में गिरावट आई है जबकि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है।
- ✔ D. महिला साक्षरता में पुरुष साक्षरता की तुलना में अधिक तेजी से वृद्धि हुई है।

Q.18 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 12 का संबंध 63 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 21 का संबंध 108 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 26 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है)

Ans
- ✔ A. 133
- ✗ B. 116
- ✗ C. 103
- ✗ D. 127

Adda247

Q.19 100 पुरुषों के पास 27 दिनों का राशन है। यदि 25 पुरुष चले गए, तो शेष पुरुषों के लिए वही राशन कितने दिनों तक चलेगा?

Ans
- ✗ A. 38
- ✗ B. 40
- ✗ C. 34
- ✓ D. 36

Q.20 सात बॉक्स P, Q, R, S, T, U और V एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हैं।
Q, P के ठीक ऊपर रखा गया है। S, V के ठीक ऊपर रखा गया है। U के ऊपर केवल R को रखा गया है।
Q के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। S को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है।
R और T के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 1
- ✗ C. 2
- ✓ D. 3

Q.21 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्क पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी अंगूर, नींबू हैं। कोई भी अंगूर, खरबूजा नहीं है। कोई भी खरबूजा, स्ट्रॉबेरी नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी नींबू, खरबूजा नहीं है।
(II) कोई भी अंगूर, स्ट्रॉबेरी नहीं है।

Ans
- ✓ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सी नृत्य शैली का संबंध उत्तर प्रदेश से है?

Ans
- ✓ A. कथक
- ✗ B. मणिपुरी
- ✗ C. भरतनाट्यम
- ✗ D. ओडिसी

Q.23 यदि A का वेतन B के वेतन से 126% अधिक है, तो B का वेतन A के वेतन से कितने प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक सही उत्तर दीजिए) कम है?

Ans
- ✗ A. 54.65%
- ✓ B. 55.75%
- ✗ C. 54.74%
- ✗ D. 56.18%

Q.24 2025 में, किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने भारत की तथ्यत: विनिमय दर व्यवस्था को "स्थायीकृत (stabilised)" प्रणाली से क्रॉल-जैसी व्यवस्था में पुनर्वर्गीकृत किया?

Ans
- ✓ A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
- ✗ B. बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स
- ✗ C. विश्व बैंक
- ✗ D. एशियन डेवलपमेंट बैंक

Q.25 यदि निम्नलिखित आंकड़े का माध्य 35 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 49 | 33 | 24 | 21 | X |

Ans
- ✗ A. 52
- ✓ B. 55
- ✗ C. 48
- ✗ D. 42

Q.26 कुआलालंपुर में आसियान-भारत (ASEAN–India) रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक के दौरान आयोजित एक बैठक में, 2025 में भारत ने किस देश के साथ 10 वर्ष के डिफेंस फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✗ A. ऑस्ट्रेलिया
- ✗ B. मलेशिया
- ✗ C. जापान
- ✓ D. संयुक्त राज्य अमेरिका

Q.27 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) की स्थापना _________ के तहत की गई थी।

Ans
- ✗ A. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973
- ✓ B. विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987
- ✗ C. अधिवक्ता अधिनियम, 1961
- ✗ D. कानूनी सहायता और सलाह अधिनियम, 1972

Q.28 विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के अनुसार, 2023 के आंकड़ों पर आधारित 2025 की रिपोर्ट में, कौन-सी ग्रीनहाउस गैस/गैसें अपने पूर्व-औद्योगिक सांद्रता के 151% तक पहुंच गई हैं?

Ans
- ✗ A. नाइट्रस ऑक्साइड
- ✗ B. हाइड्रोक्लोरोफ्लुओरोकार्बन
- ✗ C. मेथेन
- ✓ D. कार्बन डाइऑक्साइड

Q.29 निम्नलिखित में से किस राष्ट्रवादी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से मतभेद होने के बाद कांग्रेस-खिलाफत स्वराज पार्टी की सह-स्थापना की और उसके अध्यक्ष बने?

Ans
- ✗ A. मुख्तार अहमद अंसारी
- ✗ B. अजमल खान
- ✗ C. मोतीलाल नेहरू
- ✓ D. चित्तरंजन दास

Q.30 C, F का पुत्र है। F, E की बहन है। E, G का पुत्र है। G, H का पति है। C का H से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. पुत्री का पुत्र
- ✗ B. पुत्र का पुत्र
- ✗ C. पुत्री का पति
- ✗ D. पुत्र की पत्नी का भाई

Q.31 एक व्यापारी किसी वस्तु का निश्चित मूल्य अंकित करता है और उस पर 20% की छूट देता है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक 120 वस्तुओं की खरीद पर वह 3 वस्तुएँ मुफ्त देता है। यदि इस लेन-देन पर उसका कुल लाभ 28% है, तो वस्तु के अंकित मूल्य और क्रय मूल्य में अंतर प्रतिशत ज्ञात कीजिए। मान लीजिए कि ग्राहक केवल 120 वस्तुओं का भुगतान करता है।

Ans
- ✗ A. 72%
- ✓ B. 64%
- ✗ C. 60%
- ✗ D. 68%

| | |
|---|---|
| Q.32 | दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br>**AZA 27 XWX 36 UTU 45 RQR 54 ?** |
| Ans | ✗ A. OMN 62<br>✗ B. OTZ 62<br>✗ C. OON 63<br>✓ D. ONO 63 |

| | |
|---|---|
| Q.33 | विपरीत दिशाओं में 40 km/hr और 52 km/hr की चाल से चल रही दो ट्रेनें, एक-दूसरे को 18 सेकंड में पार करती हैं। यदि एक ट्रेन की लंबाई 250 m है, तो दूसरी ट्रेन की लंबाई ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 190 m<br>✗ B. 200 m<br>✗ C. 220 m<br>✓ D. 210 m |

| | |
|---|---|
| Q.34 | यदि संख्या 53764821 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंक का गुणनफल कितना होगा? |
| Ans | ✓ A. 8<br>✗ B. 18<br>✗ C. 16<br>✗ D. 0 |

| | |
|---|---|
| Q.35 | निम्नलिखित में से कौन-सी नदी प्रायद्वीपीय नदी नहीं है? |
| Ans | ✗ A. गोदावरी<br>✗ B. कृष्णा<br>✓ C. गंगा<br>✗ D. नर्मदा |

| | |
|---|---|
| Q.36 | एक क्लिनिक में रोगियों की आयु (वर्ष में) निम्न प्रकार से दर्ज की गई:<br>15 , 18 , 21 , 21 , 23 , 25 , 28 , 30 , 35 , 40 , 45 , 50 , 55<br>वर्तमान माध्यिका आयु और डेटा सेट से सबसे अधिक आयु के रोगी (55 वर्ष) को हटाने के बाद माध्यिका आयु का अंतर ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 2.5 वर्ष<br>✗ B. 1.75 वर्ष<br>✓ C. 1.5 वर्ष<br>✗ D. 1.25 वर्ष |

| | |
|---|---|
| Q.37 | E, F, G, W, X और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।<br>F, G के ठीक ऊपर रहता है। E और G के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। E किसी विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है। Y, W के ठीक नीचे रहता है। X और W के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं? |
| Ans | ✗ A. एक<br>✓ B. दो<br>✗ C. चार<br>✗ D. तीन |

| | |
|---|---|
| Q.38 | भारत के संविधान के अनुसार, अनुच्छेद 182 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है? |
| Ans | ✗ A. राज्यपाल के विशेष संबोधन<br>✗ B. राज्य विधानसभाओं की संरचना<br>✓ C. राज्य विधान परिषद के सभापति और उपसभापति<br>✗ D. सदस्यता के लिए अयोग्यता |

**Q.39** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह निर्धारित करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ पत्तियाँ, जड़ें हैं।
सभी जड़ें, फूल हैं।
कुछ फूल, तने हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी तने, जड़ें हैं।
(II) सभी फूल, पत्तियाँ हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ D. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं

**Q.40** अजय के पास ₹1404 हैं। वह इस राशि को अपने दो बेटों, प्रकाश और गोपाल के बीच बाँट देता है और उन्हें अपने-अपने हिस्से को 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है। यह पाया जाता है कि 18 वर्षों में प्रकाश द्वारा निवेश की गई राशि और 19 वर्षों में गोपाल द्वारा निवेश की गई राशि बराबर हो जाती है। अजय ने गोपाल को कितनी राशि (₹ में) दी थी?

Ans
- ✓ A. 675
- ✗ B. 729
- ✗ C. 525
- ✗ D. 829

**Q.41** डॉ. सी. रंगराजन समिति द्वारा भारत में गरीबी के मापन की प्रविधि पर रिपोर्ट किस वर्ष प्रस्तुत की गई थी?

Ans
- ✓ A. 2014
- ✗ B. 2017
- ✗ C. 2008
- ✗ D. 2010

**Q.42** पर्यावरण लेखापरीक्षा नियम, 2025 का उद्देश्य पूरे भारत में क्या स्थापित करना है?

Ans
- ✓ A. पर्यावरण जवाबदेही के लिए एक ढांचा
- ✗ B. राष्ट्रीय वन पुनर्स्थापन कार्यक्रम
- ✗ C. जल संरक्षण अभियान
- ✗ D. नई पर्यावरण कर प्रणाली

**Q.43** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. MN-QR
- ✗ B. CD-FG
- ✗ C. FG-IJ
- ✗ D. PQ-ST

**Q.44** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

80 55 39 30 26 ?

Ans
- ✗ A. 28
- ✓ B. 25
- ✗ C. 26
- ✗ D. 23

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.45 'उड़िया' को शास्त्रीय भाषा का दर्जा निम्नलिखित में से किस वर्ष में दिया गया था?

Ans
✔ A. 2014
✘ B. 2012
✘ C. 2005
✘ D. 2010

Q.46 यदि $x^4 = 322 - \frac{1}{x^4}$ और $x \geq 1$ है, तो $x^3 - \frac{1}{x^3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 62
✘ B. 64
✔ C. 76
✘ D. 72

Q.47 वायुमंडल में अपनी सांद्रता बढ़ने के साथ कौन-सी गैसें मुख्य ग्रीनहाउस गैसों के रूप में कार्य करती हैं?

Ans
✘ A. आर्गन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन
✘ B. हाइड्रोफ्लुओरोकार्बन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन
✘ C. हाइड्रोक्लोरोफ्लुओरोकार्बन, आर्गन, ऑक्सीजन
✔ D. कार्बन डाइऑक्साइड, मेथेन, नाइट्रस ऑक्साइड

Q.48 पिछली क्रिया को पूर्ववत (अनडू) करने के लिए किस शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

Ans
✘ A. Ctrl+U
✔ B. Ctrl+Z
✘ C. Ctrl+E
✘ D. Ctrl+X

Q.49 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : NSO :: SXT : %

Ans
✘ A. # = PUR , % = QVS
✘ B. # = PUQ , % = QWS
✘ C. # = PUQ , % = QVS
✔ D. # = PUQ , % = QVR

Q.50 ऑपरेटिंग सिस्टम जैसे सिस्टम सॉफ़्टवेयर को मुख्य रूप से हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर के बीच डेटा और अनुदेशों के प्रवाह को प्रबंधित करने और समन्वित करने के लिए डिज़ाइन किया जाता है, जो सिस्टम के कोर ____________ के रूप में कार्य करता है।

Ans
✔ A. रिसोर्स मैनेजर (resource manager)
✘ B. यूटिलिटी सर्विस (utility service)
✘ C. पेरिफेरल डिवाइस (peripheral device)
✘ D. एप्लिकेशन लॉजिक (application logic)

Q.51 यदि किसी सम बहुभुज के सभी बाह्य कोणों का योग, उसके सभी आंतरिक कोणों के योग का दो-तिहाई है, तो बहुभुज में भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 5
✘ B. 6
✘ C. 4
✘ D. 7

**Q.52** सात व्यक्ति – H, I, J, K, L, M और N – सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिनों में वर्कशॉप में भाग लेते हैं। K की वर्कशॉप बुधवार को होती है।
K और M के बीच केवल एक ही व्यक्ति वर्कशॉप में भाग लेता है। J, M के ठीक बाद वर्कशॉप में भाग लेता है। H, I से पहले किसी दिन वर्कशॉप में भाग लेता है, लेकिन N के बाद किसी दिन वर्कशॉप में भाग लेता है।
L, J से पहले वर्कशॉप में भाग लेता है, लेकिन सोमवार को भाग नहीं लेता है।
H किस दिन वर्कशॉप में भाग लेता है?

Ans
- ✔ A. गुरुवार
- ✘ B. बुधवार
- ✘ C. रविवार
- ✘ D. शुक्रवार

**Q.53** 18 और 128 का माध्यानुपात कितना है?

Ans
- ✘ A. 49
- ✘ B. 50
- ✔ C. 48
- ✘ D. 51

**Q.54** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ A. HJ-KM
- ✘ B. MO-PR
- ✔ C. GI-JM
- ✘ D. CE-FH

**Q.55** एक निश्चित कूट भाषा में, 'TIME' को '3519' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'EARS' को '6894' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✘ A. 4
- ✘ B. 6
- ✘ C. 8
- ✔ D. 9

**Q.56** वर्ष 2025 में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस किस तिथि को मनाया गया, जिसमें आपात स्थितियों के दौरान मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच पर जोर दिया गया?

Ans
- ✔ A. 10 अक्टूबर, 2025
- ✘ B. 24 अक्टूबर, 2025
- ✘ C. 12 अगस्त, 2025
- ✘ D. 28 जुलाई, 2025

**Q.57** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेट की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर ही की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ने तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
19, 78
24, 98

Ans
- ✘ A. 26, 112
- ✘ B. 27, 112
- ✔ C. 27, 110
- ✘ D. 26, 110

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.58** निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(नोटः सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएँ) H 2 @ Q I 3 L © £ R S 4 4 U © 9 1 W Y % 6 £ (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीक हटा दिए जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, बाएँ से पाँचवाँ होगा?

**Ans**
- ✗ A. R
- ✗ B. I
- ✗ C. L
- ✓ D. 3

**Q.59** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'KITE' को '5871' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'TIME' को '7853' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' का कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 5
- ✗ B. 8
- ✓ C. 3
- ✗ D. 7

**Q.60** हितेश को किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य के $\frac{4}{13}$ पर बेचने से 30% की हानि होती है। यदि वह उसे अंकित मूल्य के 60% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत कितना होगा?

**Ans**
- ✓ A. 36.5%
- ✗ B. 36.3%
- ✗ C. 39.8%
- ✗ D. 37.8%

**Q.61** राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना (NRETP) कब शुरू की गई थी?

**Ans**
- ✓ A. 24 अप्रैल 2019
- ✗ B. 24 अप्रैल 2020
- ✗ C. 24 अप्रैल 2022
- ✗ D. 24 अप्रैल 2021

**Q.62** किसी गाँव की जनसंख्या 2,90,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 15% और दूसरे वर्ष में 30% की वृद्धि हुई। दो वर्षों के बाद इसकी जनसंख्या कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 3,77,000
- ✗ B. 3,33,500
- ✗ C. 4,20,500
- ✓ D. 4,33,550

**Q.63** व्यतिकरण (interference) और विवर्तन (diffraction) में प्रकाश ऊर्जा का क्या होता है?

**Ans**
- ✓ A. यह पुनर्वितरित हो जाती है
- ✗ B. यह बढ़ती है
- ✗ C. यह घटती है
- ✗ D. इसका अपचयन हो जाता है

**Q.64** यदि A : B = 2 : 3, B : C = 4 : 3 और C : D = 6 : 7 है, तो A : B : C : D ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 16 : 24 : 16 : 21
- ✗ B. 16 : 22 : 18 : 21
- ✓ C. 16 : 24 : 18 : 21
- ✗ D. 14 : 24 : 18 : 21

Adda247

Q.65 हाल ही में (दिसंबर 2025), क़तर एयरवेज के CEO के रूप में नियुक्त, इस प्रमुख वैश्विक एयरलाइन के नए प्रमुख कौन हैं?

Ans
- ✗ A. इंजीनियर बद्र मोहम्मद अल-मीर (Engr. Badr Mohammed Al-Meer)
- ✗ B. मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम (Mohamed bin Rashid Al Maktoum)
- ✓ C. हमाद अली अल-खाटर (Hamad Ali Al-Khater)
- ✗ D. शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी (Sheikh Mohammed bin Abdulrahman Al Thani)

Q.66 ऑक्सीजन ($O_2$) के अणु की परमाणुकता क्या है?

Ans
- ✗ A. 1
- ✓ B. 2
- ✗ C. 3
- ✗ D. 4

Q.67 जब कोई विंडोज कंप्यूटर स्लीप मोड (Sleep mode) में होता है, तो सामान्यत: कौन-सा यूजर्स एक्शन, सिस्टम को सक्रिय अवस्था में वापस पहुंचाता है?

Ans
- ✗ A. नेटवर्क टाइम सिंक
- ✓ B. माउस को मूव करना
- ✗ C. BIOS अपडेट
- ✗ D. बैटरी का पूर्णत: खत्म होना

Q.68 इस प्रश्न में, प्रश्न के बाद (I) और (II) के रूप में क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 वृक्षों L, M, N, T और V में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, कौन-सा वृक्ष सबसे छोटा है?

कथन:
(I) V, N से छोटा है लेकिन T से लंबा है। M, T से लंबा है।
(II) L केवल एक वृक्ष से लंबा है।

Ans
- ✗ A. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. दोनों कथन I और II संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✗ C. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✓ D. दोनों कथन I और II संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.69 अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के नवीकरणीय ऊर्जा सांख्यिकी 2025 के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता में भारत की वैश्विक रैंक कितनी है?

Ans
- ✗ A. नौवीं
- ✓ B. चौथी
- ✗ C. पहली
- ✗ D. छठी

Q.70 यदि लोकसभा भंग होने की स्थिति में आपातकाल की उद्घोषणा को केवल राज्यसभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो नव गठित लोकसभा की पहली बैठक से यह उद्घोषणा कितनी अवधि तक प्रभावी रहेगी?

Ans
- ✗ A. 21 दिन
- ✗ B. 60 दिन
- ✗ C. 14 दिन
- ✓ D. 30 दिन

Q.71 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : XHP :: UEM : %

Ans
- ✗ A. # = NXF % = EKW
- ✗ B. # = NXF % = EOO
- ✓ C. # = NXF % = EOW
- ✗ D. # = NOF % = EOW

Q.72 8 के प्रथम 13 गुणजों का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 13
- ✗ B. 8
- ✓ C. 56
- ✗ D. 52

Q.73 एक दुकानदार ने दो वस्तुओं को ₹10,000 प्रति वस्तु की दर पर बेचा। उसे एक वस्तु पर 20% की हानि हुई और दूसरी वस्तु पर 20% का लाभ हुआ। संपूर्ण लेन-देन में उसका लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 4% हानि
- ✗ B. 3% हानि
- ✗ C. 4% लाभ
- ✗ D. 3% लाभ

Q.74 किन नेताओं ने 1876 में 'इंडियन नेशनल एसोसिएशन (Indian National Association)' की स्थापना की थी?

Ans
- ✓ A. सुरेंद्रनाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस
- ✗ B. बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल
- ✗ C. दादाभाई नौरोजी और गोपाल कृष्ण गोखले
- ✗ D. दादाभाई नौरोजी और देबेंद्रनाथ टैगोर

Q.75 कशेरुकी जीवों के किस वर्ग में ठंडे रक्त के अभिलक्षण और शल्की त्वचा पाई जाती है?

Ans
- ✓ A. रेप्टीलिया (Reptilia)
- ✗ B. उभयचर (Amphibia)
- ✗ C. मैमेलिया/स्तनीवर्ग (Mammalia)
- ✗ D. एवीज/पक्षिवर्ग (Aves)

Q.76 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D – F + G x H ÷ J' है, तो D का J से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. भाई
- ✗ B. पति
- ✗ C. पुत्र
- ✗ D. पिता

Adda247

**Q.77** P और Q एक कार्य को क्रमशः 14 और 19 दिनों में पूरा कर सकते हैं। वे P से शुरू करके एकांतर दिनों में कार्य करते हैं। सम्पूर्ण कार्य कितने दिनों में पूरा होगा?

Ans
- ✗ A. $18\frac{3}{19}$ दिन
- ✗ B. $14\frac{1}{19}$ दिन
- ✗ C. $12\frac{4}{19}$ दिन
- ✓ D. $16\frac{2}{19}$ दिन

**Q.78** सितंबर 2025 में, किस राज्य सरकार ने कुछ शर्तों के अंतर्गत ₹5 करोड़ तक का ऋण (बिना किसी संपार्श्विक) देने के लिए 'एम.एस.एम.ई. (MSMEs) के लिए KFC मशीनरी लोन स्कीम' योजना शुरू की थी?

Ans
- ✗ A. गुजरात
- ✗ B. तमिलनाडु
- ✗ C. असम
- ✓ D. केरल

**Q.79** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करके इसे तार्किक रूप से पूर्ण बना देगा?
XVW 26 TRS 22 PNO 18 LJK 14 ?

Ans
- ✗ A. HKO 9
- ✗ B. HGF 10
- ✗ C. HEF 9
- ✓ D. HFG 10

**Q.80** एक निश्चित तर्क के अनुसार, 48 का संबंध 192 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 52 का संबंध 208 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 61 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है)

Ans
- ✗ A. 234
- ✗ B. 264
- ✓ C. 244
- ✗ D. 254

**Q.81** एक लंब वृत्तीय शंकु की त्रिज्या में 8% की वृद्धि की जाती है और उसकी तिर्यक ऊंचाई में 15% की कमी की जाती है। शंकु के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल में प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 11.5% की कमी
- ✗ B. 7% की वृद्धि
- ✗ C. 7% की कमी
- ✓ D. 8.2% की कमी

**Q.82** यदि संख्या 6587134 में, प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार प्राप्त होने वाली नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं छोर से दूसरे स्थान पर होगा?

Ans
- ✓ A. 6
- ✗ B. 4
- ✗ C. 8
- ✗ D. 5

Adda247

Q.83 भारतीय कला और संस्कृति में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म पुरस्कार 2026 में पद्म विभूषण से सम्मानित की जाने वाली सुश्री एन. राजम मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययंत्र से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. सितार
- ✗ B. बांसुरी
- ✓ C. वायलिन
- ✗ D. सरोद

Q.84 सात व्यक्ति F, G, H, I, U, V और W एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U, H के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। U और W के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। H और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। V और W के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। I के दाएँ से चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. G
- ✗ B. W
- ✗ C. U
- ✗ D. V

Q.85 संपत्ति का अधिकार भारतीय संविधान के भाग III से हटाकर _____ में जोड़ा गया।

Ans
- ✓ A. भाग XII
- ✗ B. भाग XIII
- ✗ C. भाग X
- ✗ D. भाग XI

Q.86 समूह A में 85 सदस्य, समूह B में 23 सदस्य और समूह C में 42 सदस्य हैं। इन सभी समूहों के सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर व्यय की गई औसत धनराशि क्रमशः ₹407, ₹365 और ₹280 है। प्रति सदस्य व्यय की गई समग्र औसत धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 363
- ✗ B. 368
- ✗ C. 362
- ✓ D. 365

Q.87 फिल्म स्टूडियो, स्पेशल इफ़ेक्ट और एनिमेशन बनाने के लिए शक्तिशाली कंप्यूटरों का उपयोग करते हैं। यह ________ में कंप्यूटर का एक अनुप्रयोग है।

Ans
- ✗ A. केवल वैज्ञानिक अनुसंधान
- ✗ B. लेखांकन
- ✗ C. बैंकिंग
- ✓ D. मनोरंजन

Q.88 चालुक्य और राष्ट्रकूट जैसे प्रारंभिक दक्षिण भारतीय राज्यों की सैन्य शासन प्रणाली की एक प्रमुख प्रशासनिक विशेषता क्या थी?

Ans
- ✗ A. शाही फरमान के अनुसार जिला लीडरों का वार्षिक रूप से पदान्तरण होता था।
- ✓ B. सामंती प्रमुखों को सैन्य और प्रशासनिक कर्तव्य सौंपे गए थे।
- ✗ C. मंदिर के प्राधिकारी प्रत्यक्ष रूप से ग्राम रक्षा के लिए सैनिकों की भर्ती करते थे।
- ✗ D. शाही परिषद के अधीन सैन्य शासन पूरी तरह से केंद्रीकृत था।

Q.89 $\frac{\sqrt[3]{5832}}{\sqrt[4]{256}} \times \frac{2}{54} \times 54$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 19
- ✗ B. 11
- ✓ C. 9
- ✗ D. 13

**Q.90** शिवांगी बिंदु C से पूर्व की ओर 7 km चलती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है और 4 km चलती है। उसके बाद वह दाएँ मुड़ती है और 6 km चलती है। फिर वह पुनः दाएँ मुड़ती है और 4 km चलती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है और 7 km चलकर बिंदु J पर पहुँचती है। बिंदु J, बिंदु C से कितनी दूर और किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✗ A. 24 km, पश्चिम
- ✗ B. 21 km, उत्तर
- ✓ C. 20 km, पूर्व
- ✗ D. 18 km, पश्चिम

**Q.91** एक समद्विबाहु त्रिभुज ABC में, बराबर भुजाएं AB और AC प्रत्येक 10 cm हैं, और आधार BC, 12 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 48 cm2
- ✗ B. 45 cm2
- ✗ C. 36 cm2
- ✗ D. 40 cm2

**Q.92** 29-8-2025 को पर्यावरण लेखापरीक्षा नियम, 2025 किस अधिनियम के अंतर्गत जारी किए गए थे?

Ans
- ✗ A. वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972
- ✗ B. वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981
- ✗ C. वन संरक्षण अधिनियम, 1980
- ✓ D. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986

**Q.93** $\left(3.6 \div \frac{3}{5}\right) + \left(\frac{7}{3} \times \frac{2.4}{1.4}\right) - \left(\frac{5}{6} + \frac{14}{12}\right)$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✓ A. 8
- ✗ B. 6
- ✗ C. 7
- ✗ D. 9

**Q.94** साधारण ब्याज पर कोई धनराशि किस वार्षिक दर से 6 वर्षों में स्वयं की पांच गुनी हो जाएगी?

Ans
- ✓ A. $66\frac{2}{3}\%$
- ✗ B. $64\frac{2}{3}\%$
- ✗ C. $68\frac{1}{3}\%$
- ✗ D. $133\frac{1}{3}\%$

**Q.95** D, E, F, G, S, T और U एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U, G के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। U के बाएँ से गिनती करने पर U और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G के बाएँ से गिनती करने पर G और T के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, S के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। S के बाएँ से गिनती करने पर F और S के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.96 A, B और C 1200 m की दौड़ लगाते हैं। A, B को 300 m और C को 600 m की अग्रिम बढ़त देता है। A, B से 30 सेकंड पहले और C से 60 सेकंड पहले दौड़ पूरी करता है। यदि A की चाल 10 m/s है, तो क्रमशः B और C की चाल ज्ञात कीजिए। [अपना उत्तर m/s में दीजिए और जहाँ तक आवश्यक हो, दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित कीजिए।]

Ans
✔ A. 6 m/s, 3.3 m/s
✘ B. 5.5 m/s, 3 m/s
✘ C. 7.5 m/s, 2.5 m/s
✘ D. 8.5 m/s, 5 m/s

Q.97 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएँ) 571 769 642 598 796 (दाएँ)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी हैं।

सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ने पर परिणाम कितना प्राप्त होगा?

Ans
✘ A. 11
✔ B. 13
✘ C. 16
✘ D. 10

Q.98 y का वह मान ज्ञात कीजिए, जो $26 \times 5 \times 715 \div \sqrt{3025} = y + 913$ को संतुष्ट करता है।

Ans
✘ A. 772
✘ B. 771
✘ C. 780
✔ D. 777

Q.99 एक 24 m लंबी सीढ़ी दीवार के सहारे खड़ी है। यदि सीढ़ी दीवार के साथ 30° का कोण बनाती है, तो सीढ़ी के निचले सिरे की दीवार से दूरी (m में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. $12\sqrt{2}$
✔ B. 12
✘ C. $\frac{12}{\sqrt{3}}$
✘ D. $12\sqrt{3}$

Q.100 सिद्धू और कान्हू को ऐतिहासिक रूप से किस विद्रोह में उनके नेतृत्व के लिए याद किया जाता है?

Ans
✘ A. बस्तर विद्रोह
✔ B. संथाल विद्रोह
✘ C. परलकोट विद्रोह
✘ D. कोई विद्रोह

Adda247